Nai Dunia (Indore), 17th April 2024, Nai Dunia City, Page - I

# सफलता शिखर तक पहुंचना नहीं बल्कि अनुभवों से सीखना है

## आइआइटी इंदौर में टेड एक्स टाक्स का आयोजन

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में 'शिखर तक पथ' थीम पर टेड एक्स टाक्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कमांडर सुनील कुमार ने कहा कि सफलता के शिखर तक पहुंचना केवल मंजिल के बारे में नहीं है बल्कि चुने गए रास्ते, सीखे गए सबक और रास्ते में मिले अलग-अलग अनुभवों से सीखना है।

सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कई लोग शुरुआत में लक्ष्य तो बड़े बनाते हैं लेकिन छोटी-मोटी प्रारंभिक सफलता मिल जाने पर वहीं ठहर जाते हैं, जबकि यदि वे वास्तविक लक्ष्य तक पहुंचना चाहते हैं तो उन्हें रुकना नहीं, निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। चाहे सफल हों या न हों लेकिन निरंतरता होना जरूरी है, तभी अपने लक्ष्य पर पहुंच पाएंगे। उन्होंने कहा सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि आपने मेहनत कितनी सकारात्मक सोच के साथ की है। मेहनत का सुफल मिलता जरूर है चाहे देर से ही सही, लेकिन मिलता है। इसलिए कभी हार न मानें। इस दौरान गांधीनगर आपरेशन के दौरान एनएसजी में तैनात रहे कर्नल तुषार जोशी, 10 हजार से अधिक आइआइटीयन को मार्गदर्शन देने वाले फिजिक्स शिक्षक आशीष अरोड़ा, भारतीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी, प्लेबाक्स टीवी कंपनी के संस्थापक और सीईओ आमिर मुलानी और चाइस के चीफ ग्रोथ आफिसर पुनीत उपस्थित थे।



आइआइटी इंदौर में आयोजित टेड एक्स टाक्स में व्याख्यान देते हुए वक्ता। सौ.संस्थान